C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 333 | बिजौलिया - मंगलवार, 16 जून ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## चंपापुर में एमडी ड्रग फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार, जंगल के बीच चल रहा था नशे का कारोबार, पुलिस ने किया पर्दाफाश

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

भीलवाड़ा जिला पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बिजौलिया थाना क्षेत्र के चंपापुर गांव में संचालित एक अवैध एमडी (मेफेड्रोन) ड्रग फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। वन क्षेत्र से सटे एक सुनसान फार्म हाउस में चल रहे इस गोरखधंधे का खुलासा होने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ, रासायनिक सामग्री और ड्रग निर्माण में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चंपापुर गांव के खेतों के बीच बने एक मकान में अवैध रूप से सिंथेटिक ड्रग तैयार की जा रही है। सूचना के आधार पर बिजौलिया थाना प्रभारी स्वागत पांड्या और कास्या चौकी प्रभारी नरेश शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने पूरी गोपनीयता के साथ कार्रवाई करते हुए फार्म हाउस की घेराबंदी कर दबिश दी।

पुलिस जब मौके पर पहुंची तो वहां ड्रग निर्माण का पूरा सेटअप संचालित मिला। जांच में सामने आया कि फार्म हाउस में एमडी ड्रग तैयार करने के लिए विभिन्न प्रकार के रसायनों का उपयोग किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 36 किलोग्राम एमडीएमए, 155 लीटर एमएम केमिकल, 30 लीटर हाइड्रोक्लोरिक एसिड तथा 8.50 किलोग्राम कास्टिक सोडा बरामद किया। प्रारंभिक जांच के अनुसार जब्त सामग्री को प्रोसेस कर एमडी ड्रग तैयार की जा रही थी और निर्माण प्रक्रिया अंतिम चरण में थी।

पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। इनमें वीरेन्द्र (51) पुत्र हजारीलाल बांछड़ा निवासी डोडिया मीणा, यशोधरमन नगर, मंदसौर (मध्यप्रदेश), बहादुर सिंह (43) पुत्र गोरू बंजारा निवासी खेड़ी दायमा, मनासा, नीमच (मध्यप्रदेश) तथा बबलू (30) पुत्र श्यामलाल बंजारा निवासी भोपतपुरा, बिजौलिया शामिल हैं।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि इस अवैध कारोबार का नेटवर्क काफी गहरा और संगठित हो सकता है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि ड्रग निर्माण के लिए कच्चा माल कहां से लाया जा रहा था और तैयार माल की सप्लाई किन क्षेत्रों में की जानी थी। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इस नेटवर्क से और कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चंपापुर जैसे सुनसान और वन क्षेत्र से सटे इलाके को चुनकर तस्करों ने लंबे समय तक इस अवैध गतिविधि को छिपाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की सतर्कता और मुखबिर तंत्र की सक्रियता के चलते पूरे नेटवर्क का खुलासा हो गया।





मामले की जांच जारी है और पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में नशे के इस कारोबार से जुड़े कई और महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी हुई है।

जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई इस कार्रवाई को अब तक की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और समाज में फैल रहे इस जहर के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## भाजपा का विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आज, जिलेभर से आएंगे सैंकड़ों प्रबुद्ध जन

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ होंगे मुख्य वक्ता, कार्यकर्ताओं का जोश हाई



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मोदी सरकार के 12 वर्षों के उपलक्ष्य में भाजपा जिले भर में विकास, विश्वास और जनकल्याण का जश्न मना रही है। इसी क्रम में मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय पर प्रातः 11.30 बजे विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का सान्निध्य प्राप्त होगा, अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा करेंगे।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि सम्मेलन में जिले भर से सैंकड़ों प्रबुद्धजनों को आमंत्रित किया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। शहर में उनके विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता देर रात तक तैयारियों में जुटे रहे। राठौड़ अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान भीलवाड़ा में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन के साथ ही मीडिया संवाद, एक पेड़ मां के नाम, विशेष जन संपर्क, देव दर्शन सहित महिला मोर्चा के कम तेल की थाली, स्वस्थ भारत की खुशहाली आदि कार्यक्रमों में भी सम्मिलित होंगे। वहीं भाजपा कार्यालय पर उनका कार्यकर्ताओं की ओर से भव्य स्वागत अभिनंदन किया जाएगा।

## कोटड़ी में चोरी का प्रयास विफल, एएसआई कैलाश प्रजापत की बहादुरी बनी मिसाल

### घायल होने के बावजूद बदमाश को दबोचे रखा, लाखों की चोरी टली

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

कस्बे के पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में रविवार देर रात एक ज्वेलर्स की दुकान में चोरी की योजना बनाकर पहुंचे बदमाशों के मंसूबों पर कोटड़ी पुलिस की तत्परता और एएसआई कैलाश चन्द्र प्रजापत के साहस ने पानी फेर दिया। पुलिस गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर पुलिसकर्मियों ने बदमाशों को रोकने का प्रयास किया जिसके बाद वे मौके से भागने लगे। पुलिस ने तत्काल पीछा शुरू किया। इस दौरान एएसआई कैलाश प्रजापत ने जोखिम उठाते हुए एक संदिग्ध को पकड़ लिया। अपने साथी को छुड़ाने के लिए अन्य बदमाशों ने पुलिस दल पर गुलेल से पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। हमले में एएसआई प्रजापत के कान पर गंभीर चोट आई तथा पुलिस वाहन का शीशा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

**खून बहता रहा, लेकिन नहीं छोड़ा आरोपी**



घटना के दौरान एएसआई कैलाश प्रजापत गंभीर रूप से घायल हो गए और उनके कान से लगातार खून बहता रहा लेकिन उन्होंने पकड़े गए आरोपी को छोड़ने से इंकार कर दिया। विषम परिस्थितियों में भी उन्होंने साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए आरोपी को मजबूती से पकड़े रखा। सूचना मिलते ही थाना अधिकारी महावीर मीणा पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में लिया। घायल एएसआई को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उनके कान में 13 टांके लगाए।

**सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना**



घटना स्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी वारदात रिकॉर्ड हो गई। फुटेज में संदिग्धों को भागते हुए तथा पुलिसकर्मियों को उनका पीछा करते हुए देखा जा सकता है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार आरोपियों की पहचान और तलाश में जुटी हुई है।

**दो मोटरसाइकिल जब्त, पूछताछ जारी**

पुलिस ने मौके से दो संदिग्ध मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। वहीं पकड़े गए आरोपी को डिटेन कर उससे पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में आरोपियों के मध्यप्रदेश के नीमच क्षेत्र से जुड़े होने की संभावना सामने आई है। फरार साथियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीम रवाना कर दी गई है।

**बहादुरी की हो रही सराहना**

घटना के बाद कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में एएसआई कैलाश चन्द्र प्रजापत की बहादुरी चर्चा का विषय बनी हुई है। सोशल मीडिया पर भी लोगों ने उनकी कर्तव्यनिष्ठा, साहस और कोटड़ी पुलिस की सतर्कता की सराहना की है। लोगों का कहना है कि यदि पुलिस समय रहते सक्रिय नहीं होती तो ज्वेलर्स की दुकान में बड़ी चोरी की वारदात हो सकती थी।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष: भाजपा ने संगोष्ठी, वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान से मनाया सेवा उत्सव

### सांसद दामोदर अग्रवाल बोले भारत ने विश्व पटल पर बनाई नई पहचान



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा बिजोलिया मंडल ने सोमवार को भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी, प्रबुद्धजन संवाद, वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान सहित विभिन्न सेवा कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और प्रबुद्धजनों ने भाग लेकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर नई पहचान स्थापित की है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य प्रभावी ढंग से किया गया है।

संगोष्ठी के बाद कार्यकर्ताओं ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया तथा 'सेवा ही संगठन' के संकल्प के साथ स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम में विधायक गोपाल , भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, पूर्व विधायक बद्री प्रसाद गुरुजी, जिला उपाध्यक्ष विशाल गुरुजी, कल्पेश चौधरी, पूर्व चेयरमैन संजय डांगी, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष संजय धाकड़, पूर्व उपप्रधान नारायण धाकड़, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज गोधा, मंडल महामंत्री मुकेश धनोपिया एवं मुकेश धाकड़ सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सोमवती अमावस्या पर श्रीचारभुजानाथ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

### हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, मंदिर को 47.43 लाख रुपये की भेंट राशि प्राप्त

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेंद्र बबलू पोखरना**

मेवाड़ की प्रसिद्ध आस्था नगरी कोटड़ी स्थित श्रीचारभुजानाथ मंदिर में सोमवती अमावस्या के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सोमवार को तड़के से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। राजस्थान के विभिन्न जिलों एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों भक्त भगवान श्रीचारभुजानाथ के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। दिनभर मंदिर परिसर, मुख्य मार्ग और बाजार क्षेत्र भक्तों की भीड़ से गुलजार रहे।

सोमवती अमावस्या के विशेष धार्मिक महत्व के चलते इस बार श्रद्धालुओं की संख्या सामान्य दिनों की अपेक्षा कहीं अधिक रही। सुबह मंगला आरती से प्रारंभ हुई दर्शन व्यवस्था देर रात शयन आरती तक निरंतर जारी रही। लंबी कतारों के बावजूद श्रद्धालुओं में भगवान के दर्शन को लेकर उत्साह और आस्था का भाव बना रहा।

**भीषण गर्मी भी नहीं डिगा सकी श्रद्धा**

तेज धूप और उमस के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल यात्रा कर मंदिर पहुंचे। कई भक्त परिवार सहित गांवों से पदयात्रा करते हुए धाम पहुंचे और भगवान के समक्ष परिवार की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। मंदिर मार्ग दिनभर 'जय श्री चारभुजानाथ' के जयघोषों से गूंजता रहा।

**विशेष अभिषेक और आकर्षक श्रृंगार के दर्शन**

पावन अवसर पर भगवान श्रीचारभुजानाथ का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष अभिषेक किया गया। पंचामृत, दूध, दही, घृत, शहद एवं सुगंधित द्रव्यों से स्नान कराने के बाद ठाकुरजी का विशेष श्रृंगार किया गया। महाआरती के दौरान मंदिर परिसर घंटानाद, शंखध्वनि और जयघोषों से गुंजायमान हो उठा।



**मंदिर को मिली 47.43 लाख की भेंट**

श्रीचारभुजा मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने बताया कि सोमवती अमावस्या पर मंदिर को कुल 47 लाख 43 हजार 389 रुपये की भेंट राशि प्राप्त हुई। इसमें भेंट पात्र से 34.21 लाख रुपये, रसीदों के माध्यम से 5.05 लाख रुपये तथा ऑनलाइन 8.16 लाख रुपये की राशि शामिल है। इसके अलावा श्रद्धालुओं ने 2 किलो 94 ग्राम चांदी और 0.340 मिलीग्राम सोना भी भेंट स्वरूप अर्पित किया।

**धान अर्पित कर मांगी समृद्धि की कामना**



ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने परंपरा के अनुसार भगवान के चरणों में धान अर्पित कर अच्छी वर्षा, समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति और मंगलकामना की।

**व्यवस्था में जुटे प्रशासन और स्वयंसेवक**

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट, प्रशासन और स्वयंसेवकों ने दर्शन, पेयजल, चिकित्सा और सुरक्षा की विशेष व्यवस्थाएं कीं। समाजसेवी संस्थाओं ने भी शीतल पेयजल एवं विश्राम की सुविधाएं उपलब्ध कराईं।

## भारतीय पत्रकार संघ के डॉ. चेतन ठठेरा बने राष्ट्रीय सचिव

### भारतीय पत्रकार संघ बीपीएस में विस्तार जारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भारतीय पत्रकार संघ बीपीएस में निरंतर विस्तार और संगठनात्मक मजबूती का दौर जारी है। देशभर में प्रतिदिन नई नियुक्तियां की जा रही हैं और बड़ी संख्या में ईमानदार, निष्पक्ष एवं सच्ची पत्रकारिता करने वाले पत्रकार संगठन से जुड़ रहे हैं। इसके साथ ही कई ऐसे पत्रकार संगठन भी भारतीय पत्रकार संघ बीपीएस के साथ आ रहे हैं, जो पत्रकार हितों के लिए ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं।

इसी क्रम में सोमवार को भारतीय पत्रकार संघ बीपीएस ने देश के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. चेतन ठठेरा को राष्ट्रीय सचिव का दायित्व सौंपा। डॉ. चेतन ठठेरा लंबे समय से पत्रकारिता जगत से जुड़े हुए हैं और उन्होंने प्रिंट मीडिया में रहकर निष्पक्ष एवं ईमानदार पत्रकारिता की है। राजनीति एवं क्राइम रिपोर्टिंग में उनकी विशेष पहचान रही है।

डॉ. चेतन ठठेरा विभिन्न सामाजिक एवं पत्रकार संगठनों से भी जुड़े रहे हैं तथा समय-समय पर पत्रकारों को एकजुट करने के लिए महत्वपूर्ण कार्य करते रहे हैं।



इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव विवेक पालाशर ने बताया कि संगठन लगातार पत्रकार हितों के लिए कार्य कर रहा है और इसी सोच के साथ डॉ. चेतन ठठेरा को राष्ट्रीय सचिव का दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके अनुभव से संगठन को मजबूती मिलेगी।

वहीं डॉ. चेतन ठठेरा ने कहा कि भारतीय पत्रकार संघ बीपीएस से जुड़ना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि अपने लंबे पत्रकारिता अनुभव में उन्होंने कई संगठनों को देखा है, लेकिन अधिकांश संगठन आवश्यकता पड़ने पर पत्रकारों के साथ खड़े नहीं होते। भारतीय पत्रकार संघ बीपीएस एक ऐसा संगठन है जो वास्तव में पत्रकारों के हितों के लिए कार्य कर रहा है और देशभर के कई संगठन भी इससे जुड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वे देशभर के पत्रकारों को एकजुट करने, सच्ची एवं निष्पक्ष पत्रकारिता को बढ़ावा देने तथा संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी सक्रियता के साथ कार्य करेंगे।

C M Y K

## न्यायालय परिसर में अभिभाषक परिषद ने किया पौधरोपण



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

**मानव तिवाड़ी**

अभिभाषक परिषद द्वारा सोमवार को न्यायालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया गया।

परिषद के सदस्यों ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए अभिभाषक परिषद द्वारा न्यायालय परिसर में अब तक सैकड़ों पौधे लगाए जा चुके हैं, जिनकी निरंतर देखभाल भी की जा रही है। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मी लाल सुराणा, परवेज आलम, घनश्याम धाकड़, अनिल कुमार धाकड़, दीपक कुमार मीणा, ओम प्रकाश धाकड़, नरेश सिंह तंवर, गौरव शर्मा, मनीष धाकड़, हितेश धाभाई, सुनील धाकड़, प्रदीप कुमार शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा तथा मनोज यादव सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# सोमवती अमावस्या पर तिलस्वां महादेव में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

क्षेत्र स्थित तिलस्वां महादेव मंदिर में सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर परिसर में भगवान शिव के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ जलाभिषेक कर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के सचिव मांगीलाल धाकड़ ने विधि-विधान से भगवान महादेव का अभिषेक एवं हवन-पूजन संपन्न कराया। उन्होंने क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि एवं आपसी सौहार्द बना रहे, इसके लिए विशेष प्रार्थना की। हवन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया।

मंदिर परिसर में पूरे दिन धार्मिक माहौल बना रहा। भजन-कीर्तन और हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया तथा क्षेत्र में खुशहाली और शांति की कामना की।

तिलस्वां महादेव मंदिर में सोमवती अमावस्या पर अभिषेक एवं हवन करते मंदिर समिति सचिव मांगीलाल धाकड़ एवं उपस्थित श्रद्धालु।

# जब्तशुदा वाहनों के समयबद्ध निस्तारण हेतु स्पष्ट गाइडलाइन जारी करे सरकार - कोठारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा को पत्र लिखकर प्रदेशभर में पुलिस, परिवहन, आबकारी एवं नारकोटिक्स विभाग द्वारा जब्त किए गए वाहनों के समयबद्ध निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।

विधायक कोठारी ने बताया कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने अथवा बकाया टैक्स जमा नहीं कराने वाले वाहन मालिकों के विरुद्ध संबंधित विभागों द्वारा कार्रवाई करते हुए वाहनों को जब्त किया जाता है। वर्तमान में प्रदेश के विभिन्न थानों, परिवहन विभाग एवं अन्य सरकारी कार्यालयों में बड़ी संख्या में जब्तशुदा वाहन वर्षों से खड़े हुए हैं।

उन्होंने कहा कि वाहन मालिकों द्वारा समय पर वाहन मुक्त नहीं कराए जाने के कारण हजारों वाहन अनुपयोगी होकर खराब हो रहे हैं। इससे एक ओर वाहन मालिकों को आर्थिक नुकसान हो रहा है तो दूसरी ओर सरकार को भी संभावित राजस्व की हानि उठानी पड़ रही है।


विधायक कोठारी ने सुझाव दिया कि जब्त किए गए वाहनों के निस्तारण के लिए स्पष्ट एवं प्रभावी गाइडलाइन बनाई जाए। यदि कोई वाहन मालिक अधिकतम एक वर्ष की अवधि में अपने वाहन को जब्ती से मुक्त नहीं कराता है, तो उसे नियमानुसार नोटिस जारी कर निर्धारित प्रक्रिया के तहत वाहन का निस्तारण किया जाए। इससे सरकार को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होने के साथ-साथ सरकारी परिसरों में वर्षों से खड़े वाहनों की समस्या का भी समाधान हो सकेगा।

उन्होंने उपमुख्यमंत्री से आग्रह किया कि प्रदेश में अवैध गतिविधियों अथवा बकाया टैक्स से संबंधित जब्तशुदा वाहनों के निस्तारण के लिए स्पष्ट नीति एवं समयबद्ध प्रक्रिया निर्धारित की जाए, जिससे संबंधित विभागीय अधिकारी निर्धारित समय सीमा में प्रभावी कार्रवाई कर सकें।

# पर्यटन नगरी बिजोलिया में डाक बंगले की दरकार, उपमुख्यमंत्री से की विशेष पहल की मांग

## बड़े सरकारी भूखंड के सदुपयोग का सुझाव, पर्यटन और प्रशासनिक सुविधाओं को मिलेगा बढ़ावा

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**




ऐतिहासिक धरोहरों, प्राचीन मंदिरों और विश्व प्रसिद्ध सैंडस्टोन उद्योग के लिए पहचान रखने वाले बिजोलिया में आधुनिक डाक बंगले की आवश्यकता को लेकर आवाज उठने लगी है। बिजोलिया ऊपरमाल पर्यावरण समिति के उपाध्यक्ष शक्ति नारायण शर्मा ने उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को पत्र भेजकर उपखंड मुख्यालय पर डाक बंगले के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है।

शर्मा ने अपने पत्र में कहा कि बिजोलिया प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शुमार है, जहां देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक भ्रमण के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा क्षेत्र में राजनीतिक, प्रशासनिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों के चलते मंत्रियों, विधायकों, वरिष्ठ अधिकारियों और उद्योग जगत से जुड़े लोगों का लगातार आवागमन बना रहता है। इसके बावजूद यहां उनके ठहरने के लिए सरकारी स्तर पर समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं है।

उन्होंने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग के पास उपखंड मुख्यालय पर लगभग 13,550 वर्गमीटर (करीब 6 बीघा) क्षेत्रफल का विशाल भूखंड मौजूद है। इस परिसर में बनी पुरानी इमारतें लगभग सात दशक पुरानी होकर जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी हैं। वर्तमान में यहां विभागीय कार्यालय और गैंगहट संचालित हो रहे हैं, जबकि इतने बड़े भूखंड का उपयोग क्षेत्र की आवश्यकता के अनुरूप नहीं हो पा रहा है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि बिजोलिया में उपखंड कार्यालय, पंचायत समिति, नगर पालिका सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख कार्यालय स्थित हैं। साथ ही यहां का सैंडस्टोन उद्योग राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान रखता है, जिससे देश-विदेश के व्यापारी और निवेशक भी लगातार क्षेत्र में आते हैं। ऐसे में आधुनिक सुविधाओं से युक्त डाक बंगले का निर्माण प्रशासनिक, पर्यटन और व्यावसायिक दृष्टि से उपयोगी साबित होगा।

शर्मा ने कहा कि यदि उक्त भूखंड पर डाक बंगला विकसित किया जाता है तो इससे सरकारी मेहमानों, पर्यटकों और अधिकारियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, वहीं सरकार को भी राजस्व प्राप्त होगा। उन्होंने उपमुख्यमंत्री से इस मांग पर सकारात्मक विचार कर शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है।

## संकट में जो काम आवे वही सच्चा मित्र -डॉ मिथलेश नागर



**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर**

माहेश्वरी सेवा संस्थान में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण के सप्तम दिवस में गुरुदेव डॉ मिथिलेश नागर के श्रीमुख से कथा का विश्राम हुआ जिसमें उन्होंने बताया कि हमारे जीवन में कथा के माध्यम से परिवर्तन हो ऐसा हमें कार्य करते हुए जीवन यापन करना है ।कथा में बताए गए महत्वपूर्ण सूत्र जो की हमारे जीवन को एक नई दिशा एवं दशा प्रदान करते हैं । सुदामा चरित्र के प्रसंग के अंतर्गत बताएं कि किस प्रकार एक मित्रवत व्यवहार में स्वयं द्वारकाधीश ने सुदामा की दीन दशा को सुधार करके एक सच्चे मित्र की परिभाषा समाज को बताइ। कथा में बाहर से अनेक श्रद्धालु भक्तजनों ने पधार करके भोजन प्रसादी भंडारे का लाभ अर्जित किया। कथा के अंतिम दिवस कांग्रेस विधायक प्रत्याशी राजेंद्र त्रिवेदी ,चेतन प्रकाश डीडवानिया, सुनील हिरण, दिनेश बाफना,सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे।

# श्रुत पंचमी महापर्व पर निकली भव्य शोभायात्रा, रत्नकरण्ड श्रावकाचार मंडल विधान में उमड़े श्रद्धालु

## श्री सीमन्धर जिनालय का वार्षिकोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



श्री सीमन्धर जिनालय, में सोमवार को वार्षिकोत्सव एवं पंच-दिवसीय श्रुत पंचमी महापर्व के तहत धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही। पंडित देवेन्द्र कुमार के सान्निध्य में आयोजित श्री रत्नकरण्ड श्रावकाचार मंडल विधान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः जिनेन्द्र अभिषेक एवं पूजन के साथ हुआ। इसके बाद प्रवचन, सीडी श्रवण एवं धार्मिक कक्षाओं का आयोजन किया गया, जिसमें जैन धर्म के सिद्धांतों एवं श्रुत ज्ञान की महत्ता पर प्रकाश डाला गया।

दोपहर में दिगम्बर जैन भवन से श्री सीमन्धर जिनालय तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाजजन धर्मध्वजाओं और भक्ति गीतों के साथ उत्साहपूर्वक शामिल हुए। जिनालय पहुंचने पर ध्वजारोहण विधान का आयोजन नेमीचंद जैन, निश्चल कुमार जैन एवं निशांत कुमार जैन (भीलवाड़ा) के सान्निध्य में संपन्न हुआ।

इसके पश्चात श्री रत्नकरण्ड श्रावकाचार मंडल विधान प्रारंभ हुआ। विधान में गुणव्रत, अणुव्रत, सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन, शिक्षाव्रत, भावना, सल्लेखना एवं श्रावक पद सहित विभिन्न धार्मिक अधिकारों का विधिवत आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया।

सायंकाल जिनेन्द्र भक्ति, प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन में शैलेश भाई (तलोड), अशोक लुहाड़िया (मंगलायतन), संजय कुमार (जैवर), सुनील कुमार धवल, अनिल कुमार धवल (भोपाल), प्रणत जैन (उज्जैन) एवं समर्थ (भोपाल) का विशेष सहयोग रहा।

# अन्नपूर्णा रसोई योजना का शुभारंभ, विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने किया उद्घाटन

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।**



**परमेश्वर।** नवगठित नगरपालिका में सोमवार को आमजन के लिए बड़ी सौगात के रूप में श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना (शहरी) का शुभारंभ नया बस स्टैंड परिसर में विधायक डॉ. लालाराम बैरवा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में विधायक सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने रसोई में भोजन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को मात्र 8 रुपए में सम्मानपूर्वक बैठाकर शुद्ध, पौष्टिक और भरपेट भोजन उपलब्ध कराना है। योजना के तहत प्रति थाली पर राज्य सरकार द्वारा 22 रुपए का अनुदान दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अन्नपूर्णा रसोई में भोजन की सुविधा प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक तथा शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक उपलब्ध रहेगी। भोजन की थाली में 300 ग्राम चपाती, 100 ग्राम दाल, 100 ग्राम सब्जी, 100 ग्राम चावल अथवा मिलेट्स (श्री अन्न) खिचड़ी और अचार शामिल रहेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता अंत्योदय की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण और शहरी सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है और विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी एवं प्रशासक बाबूलाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक चेचाणी, भाजपा नेता लक्ष्मी लाल सोनी, भाजपा मंडल महामंत्री राजमल माली, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष भैरु लाल लक्षकार,पूर्व सरपंच संपत माली, उपसरपंच देबीलाल, युवा नेता महिम सुवालका सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और शहरवासी मौजूद रहे।

# पुराने बस स्टैंड का गड्ढा बना मुसीबत, रोजाना हो रहे हादसे

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**



कस्बे के पुराने बस स्टैंड स्थित मुख्य मार्ग पर टूटी नाली और सड़क के बीच बना गहरा गड्ढा स्थानीय लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। लंबे समय से मरम्मत नहीं होने के कारण यह स्थान अब दुर्घटनाओं का केंद्र बनता जा रहा है। जिम्मेदार विभागों की अनदेखी के चलते राहगीरों और वाहन चालकों को प्रतिदिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच यह समस्या और गंभीर रूप में सामने आई। अमावस्या मेले के दौरान एक पिकअप वाहन का पहिया गड्ढे में फंस जाने से मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। सड़क संकरी होने और वाहनों की आवाजाही अधिक होने से कुछ ही देर में लंबा जाम लग गया। श्रद्धालुओं और वाहन चालकों को काफी देर तक परेशानी झेलनी पड़ी। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद वाहन को बाहर निकालने के बाद यातायात सुचारू हो सका। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। वहीं मेले के दिन सुबह एक सब्जी एवं फल विक्रेता का हाथ ठेला भी इसी गड्ढे की चपेट में आ गया। संतुलन बिगड़ने से ठेला पलट गया और उस पर रखे फल एवं सब्जियां सड़क पर बिखर गई। अचानक हुए इस हादसे से विक्रेता को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने मदद कर सामान को दोबारा एकत्रित कराया।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभागों और ग्राम पंचायत को अवगत कराया जा चुका है लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। लोगों का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी और ग्राम पंचायत के बीच जिम्मेदारी तय नहीं होने के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग कस्बे का प्रमुख यातायात केंद्र है। जहां से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन और राहगीर गुजरते हैं। इसके बावजूद सड़क और नाली की मरम्मत नहीं होना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही गड्ढे को भरकर नाली और सड़क की मरम्मत नहीं करवाई गई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। खासकर रात के समय और भीड़-भाड़ के दौरान यह स्थान अधिक खतरनाक साबित हो रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, पीडब्ल्यूडी एवं ग्राम पंचायत से तत्काल हस्तक्षेप कर समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है ताकि आमजन को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।



QUICK BITES

## अम्बेडकर गार्डन सावर में हाईमास्ट लाइट, रंगीन रोशनी एवं फव्वारा लगाने की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



**दिलखुश** अम्बेडकर संघर्ष समिति सावर ने अम्बेडकर गार्डन स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थल पर हाईमास्ट लाइट, रंगीन सजावटी लाइट एवं फव्वारा सिस्टम स्थापित करवाने की मांग को लेकर सोमवार को कार्यवाहक उपखंड अधिकारी भगवती प्रसाद वैष्णव सावर को ज्ञापन सौंपा।

समिति के अध्यक्ष घनश्याम पंवार के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि अम्बेडकर गार्डन क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आते हैं तथा विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होते हैं। ऐसे में प्रतिमा स्थल पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण की आवश्यकता है।

इस अवसर पर समिति के संरक्षक सूरजकरण मालावत, सेवानिवृत्त एएसआई दुर्गालाल सामरिया, रंगलाल आलोरिया, सत्यनारायण महावर, विनोद कुमार पंवार, बबलू सामरिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

समिति ने प्रशासन से जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर अम्बेडकर गार्डन में हाईमास्ट लाइट, रंगीन लाइट एवं फव्वारा सिस्टम स्थापित करवाने की मांग की।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर बिसुदनी में एनक्यूएएस का राज्य स्तरीय वर्चुअल असेसमेंट

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



**दिलखुश** आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजकीय उप स्वास्थ्य केंद्र बिसुदनी में सोमवार को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) के तहत राज्य स्तरीय वर्चुअल असेसमेंट आयोजित किया गया। मूल्यांकन के दौरान स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध सेवाओं, रिकॉर्ड प्रबंधन, रोगी सुविधाओं एवं गुणवत्ता मानकों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी मोनू कुमार धोबी, एएनएम सुमित्रा भील, अनुराधा कंडारे, लीला मीणा, आशा सहयोगिनी संतरा कहार सहित सावर ब्लॉक टीम के सदस्य उपस्थित रहे। एनक्यूएएस कार्यक्रम का उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना है।

## बनेड़ा प्रीमियर लीग का भव्य समापन, रॉयल्स बनी विजेता

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।**



कस्बे में आयोजित बहुप्रतीक्षित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता बनेड़ा प्रीमियर लीग (बीपीएल)-2026 का रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हो गया। कई दिनों तक चले रोमांचक मुकाबलों के बाद फाइनल में बनेड़ा रॉयल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया।

फाइनल मुकाबला श्री श्याम सोलार बनेड़ा और बनेड़ा रॉयल्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्री श्याम सोलार की टीम ने निर्धारित ओवरों में 108 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बनेड़ा रॉयल्स ने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट शेष रहते मुकाबला जीतकर बीपीएल-2026 की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

समापन समारोह में विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए श्री सांवरिया रोडलाइंस के सूरज गिरी को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।

समारोह में मा. सा. भैरू सिंह कमालपुरा, लक्ष्मी लाल सोनी, सुमंत सिंह राठौड़, संपत माली, देवीलाल माली, मनोज जाट, विक्रम सिंह, यासीन मोहम्मद, रिसालत तथा मुराद कायमखानी सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, गणमान्य नागरिक एवं युवा उपस्थित रहे।

अतिथियों ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित ऐसी प्रतियोगिताएं स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देती हैं।

अतिथियों ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए ईगल क्रिकेट क्लब एवं आयोजन समिति की सराहना की। क्लब पदाधिकारियों ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग देने वाले जनप्रतिनिधियों, भामाशाहों, ग्रामवासियों, खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही शाहपुरा-बनेड़ा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा के सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया।

## राजस्थान सब-जूनियर बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भीलवाड़ा की बेटियों ने जीता खिताब

### जिले में खुशी की लहर, मांगरोल (बारां) में खेले गए रोमांचक फाइनल में जयपुर को हराकर भीलवाड़ा की बेटियां बनी चैंपियन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



राजस्थान सब-जूनियर की मांगरोल (बारां) में आयोजित 51वीं राज्य स्तरीय बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भीलवाड़ा की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। फाइनल मुकाबले में भीलवाड़ा टीम ने जयपुर को कांटे की टक्कर वाले रोमांचक मैच में पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। इस ऐतिहासिक जीत से जिले भर में खुशी का माहौल है। खिलाड़ियों की इस सफलता में कोच लोकेश खोईवाल, जसवंत खोईवाल तथा टीम मैनेजर कृतिका खटीक के उत्कृष्ट मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला बास्केटबॉल संघ, भीलवाड़ा के मानद सचिव प्यारे लाल खोईवाल एवं अध्यक्ष अजय भंडारी ने टीम को बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं टेक्निकल कमेटी के चेयरमैन रणजीत खोईवाल, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मोहित भंडारी एवं शिव खोईवाल ने टीम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि जिले के बास्केटबॉल इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगी। इस अवसर पर सिद्धार्थ सिंघवी, अभि जैन, राहुल जायसवाल, शिव बैरवा, देवेंद्र खोईवाल, इकबाल मंसूरी, अभिषेक खोईवाल एवं अजय खोईवाल सहित अनेक खेल प्रेमियों ने टीम को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की।

# संजय कॉलोनी में श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव

## ध्रुव चरित्र, कपिल ज्ञान एवं शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का हुआ भावपूर्ण वर्णन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

संजय कॉलोनी स्थित श्री चारभुजा मंदिर में श्री चारभुजा मंदिर सेवा समिति एवं महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित 26 वें पाटोत्सव महोत्सव के अंतर्गत चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथा व्यास आचार्य श्री शक्ति देव जी महाराज ने ध्रुव चरित्र, कपिल मुनि के ज्ञान, सती चरित्र एवं शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को भक्ति एवं अध्यात्म के अमृत रस से सराबोर कर दिया।

कथा के दौरान आचार्य श्री ने ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीहरि की प्राप्ति के बाद ध्रुव का जीवन दिव्य एवं आदर्श बन गया। उनकी विमाता सुरुचि ने भी उन्हें सम्मानपूर्वक प्रणाम किया। बाद में उनके भाई उत्तम की मृत्यु हो गई, किन्तु ध्रुव ने धर्म, भक्ति और क्षमा का मार्ग नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि गुरु और भगवान की कृपा से मृत्यु जैसे भय पर भी विजय प्राप्त की जा सकती है। ध्रुव की अटूट भक्ति और दृढ़ संकल्प के कारण आज भी वे ध्रुव तारे के रूप में आकाश में विद्यमान हैं।

इसके पश्चात आचार्य श्री ने स्वयंभूव मनु की पुत्रियों आकूति, देवहूति एवं प्रसूति का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि देवहूति का विवाह महर्षि कर्दम से हुआ था। चारों आश्रमों का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि गृहस्थ आश्रम सबसे अधिक उत्तरदायित्वपूर्ण माना गया है, क्योंकि इसमें त्याग, संयम, सेवा और कर्तव्य का विशेष महत्व होता है।

आचार्य श्री ने बताया कि विवाह के पश्चात महर्षि कर्दम तपस्या में लीन हो गए। देवहूति ने पति सेवा में स्वयं को इतना समर्पित कर दिया कि उन्होंने अपने स्वास्थ्य की भी चिंता नहीं



की। उनकी निष्ठा से प्रसन्न होकर महर्षि कर्दम ने योगबल से दिव्य विमान की रचना की तथा उन्हें सुख-सुविधाएं प्रदान कीं। बाद में उनके यहां नौ कन्याओं एवं भगवान विष्णु के अंशावतार कपिल मुनि का जन्म हुआ।

कपिल मुनि के ज्ञानोपदेश का वर्णन करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि संसार के भोगों से कभी स्थायी तृप्ति प्राप्त नहीं होती। वास्तविक सुख और संतोष केवल ईश्वर भक्ति एवं आत्मज्ञान से ही प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि यदि मन रूपी वस्त्र संसार की माया से मलिन हो जाए तो उसे ज्ञान रूपी साबुन से स्वच्छ किया जा सकता है। इस अवसर पर उन्होंने भजन की पंक्तियां सुनाकर श्रद्धालुओं को आत्मचिंतन एवं सदाचार का संदेश दिया।

कथा के अगले क्रम में दक्ष प्रजापति और माता सती के प्रसंग का वर्णन करते हुए आचार्य श्री ने बताया कि दक्ष ने अपने यज्ञ में भगवान शिव का अपमान किया। भगवान शिव के समझाने के बावजूद माता सती यज्ञ में पहुंचीं, जहां उन्हें उपेक्षा और अपमान का सामना करना पड़ा। अपने आराध्य भगवान शिव की निंदा सहन न कर पाने के कारण माता सती ने योगाग्नि द्वारा देह त्याग कर दिया। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने अहंकार के दुष्परिणाम एवं सम्मान के महत्व को स्पष्ट किया।

इसके बाद राजा हिमाचल और मैना के यहां



माता पार्वती के अवतरण तथा भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने हेतु उनकी कठोर तपस्या का वर्णन किया गया। आचार्य श्री ने कहा कि माता पार्वती का जीवन दृढ़ संकल्प, तप, त्याग और समर्पण का अनुपम उदाहरण है।

शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान शिव की बारात अत्यंत अलौकिक थी, जिसमें देवताओं के साथ भूत-प्रेत, गण, योगी एवं सिद्धजन भी सम्मिलित थे। कथा पांडाल में शिव-पार्वती विवाह की आकर्षक झांकी सजाई गई। महिलाओं ने भगवान शिव एवं माता पार्वती का विधिवत पूजन-अर्चन किया तथा श्रद्धाभाव से भजन प्रस्तुत किए। 'सज रहे हैं भोले बाबा बरात में...' भजन पर पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। भगवान शिव एवं माता पार्वती के रूप में आशीष एवं पूजा गन्दोडिया ने अभिनय किया।

आचार्य श्री ने कहा कि शिव-पार्वती विवाह केवल एक वैवाहिक प्रसंग नहीं, बल्कि शिव और शक्ति, चेतना और ऊर्जा तथा पुरुष और प्रकृति के दिव्य मिलन का प्रतीक है। यह प्रसंग त्याग, विश्वास, धैर्य, तपस्या और समर्पण का संदेश देता है तथा आदर्श दाम्पत्य जीवन की प्रेरणा प्रदान करता है।

कथा के दौरान श्रद्धालु भजनों एवं संकीर्तन में भाव-विभोर होकर झूम उठे। 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोषों से पूरा कथा पांडाल गुंजायमान हो गया। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चों ने कथा श्रवण कर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की।

अंत में महाआरती उतारी गई जिसका लाभ चारभुजा महिला मंडल और सुरेश कुमार खंडेलवाल परिवार ने लिया ।

कथा के दौरान निवर्तमान पार्षदा श्रीमती सुशीला जैन एवं पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र जैन का सम्मान किया गया

समिति के अध्यक्ष जगदीश देवपुरा ने बताया पाटोत्सव कार्यक्रम की सफलता में कमलेश ओझा, गणेश प्रजापत, प्रहलाद त्रिपाठी, महेश खंडेलवाल, दिनेश पीला, प्रकाश देवपुरा, पंकज खारीवाल, राकेश कुकड़ा, गोपाल तोषनीवाल, गोविंद गंदोडिया, हस्तीमल तातेड , महेश सोमानी, अर्पित जैन, लोकेश टॉक, श्याम शर्मा, नरेंद्र तातेड, शांतिलाल बाबेल, लादू लाल पारीक, पवन रूणवाल, संजय सुराणा, राजेश अजमेरा, रामस्वरूप सनाढ्य,रतन खारीवाल, प्रदीप बाफना, राजकुमार सोमानी, विनोद अजमेरा, अजीत झामड़ , बंशी लाल शर्मा, महेश लड्ढा, दिनेश जैन, हरि बिरला, शुभम मूंदड़ा, अंकित सोडाणी, मदन गट्टानी रामराय गट्टानी, दिनेश मालीवाल, विनोद कोगटा, रामनिवास डाड, आशीष गन्दोडिया, विकास धूपिया, मनोज पीला, रमेश काबरा, सत्य नारायण टेलर एवं उमा शंकर चतुर्वेदी पूरे श्रद्धा भाव से जुटे हुए है । कथा उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

समिति के मंत्री अरविन्द जैन ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत एवं आभार व्यक्त कर अधिक अधिक संख्या में भागवत रसपान करने का आग्रह किया है।

## बाणमाता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान की बैठक आयोजित





**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**

श्री बाणमाता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान पर शनि अमावस्या को संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई । बैठक में शक्तिपीठ पर नव निर्माण कार्यों पर चर्चा करते हुए दान पात्र खोला गया जिसमें 8 लाख 30 हजार 326 रुपए सहयोग राशि प्राप्त हुई । इस अवसर पर सांसद दामोदर अग्रवाल , विधायक गोपाल खंडेलवाल, विकास संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ,उपाध्यक्ष लादू लाल गुर्जर , कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल धाकड़ , महामंत्री अमित कुमार जोशी , व्यवस्थापक प्रमोद कुमार धाकड़ ,मुकेश कुमार धाकड़ ,श्यामलाल धाकड़ , धन्नालाल कुमावत , हेमाजी कुमावत , अशोक कुमार जीनगर , भगवत सिंह , मोहन लाल धाकड़ , सत्यनारायण सुथार , धर्मचंद जैन , शंभू सिंह , बालू सिंह , हजारी लाल खटीक ,खाना धाकड़ ,प्रमोद कुमार धाकड़ , घीसू सिंह ,गणपत सिंह , प्रदीप कुमार पोरवाल विकास संस्थान के पदाधिकारीयों सहीत श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

## आसींद रोड़ शमशान घाट को मॉडल बनाने की पहल, विश्रांति गृह व स्नानगृह का हुआ शिलान्यास, विधायक ने मिट्टी भराव, सड़क व हैंडपंप की घोषणा की

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचन्द पेसवानी**

शाहपुरा के आसींद रोड स्थित सार्वजनिक शमशान घाट में शाहपुरा उपनगरीय विकास संस्थान के तत्वावधान में नगर पालिका द्वारा स्वीकृत 20 लाख 66 हजार रुपये की लागत से बनने वाले विश्रांति गृह एवं स्नानगृह का शिलान्यास समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा थे, जबकि अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने की।

समारोह में विधायक डॉ. बैरवा ने विधि-विधान से भूमि पूजन कर शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया। इसके बाद उन्होंने 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व में शमशान घाट में विश्रांति गृह का निर्माण




कराने वाले डॉ. कमलेश पाराशर का भी विधायक द्वारा सम्मान किया गया। पं. शिवचरण शर्मा ने पूजन संपादित कराया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. बैरवा ने कहा कि आसींद रोड का सार्वजनिक शमशान घाट शाहपुरा का आदर्श एवं मॉडल शमशान घाट बनाया जाएगा और इस दिशा में वे हरसंभव सहयोग देंगे। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में उनका उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने नागरिकों से विकास संबंधी सुझाव देने का आह्वान करते हुए भरोसा दिलाया कि प्रत्येक उपयोगी प्रस्ताव पर सकारात्मक पहल की जाएगी। इस दौरान विधायक ने शमशान घाट परिसर में मिट्टी भराव, सड़क निर्माण तथा हैंडपंप लगाने की घोषणा करते हुए कहा कि संस्थान द्वारा तैयार विकास योजना को आगे बढ़ाने में वे पूरी तरह साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि शमशान घाट जैसे सार्वजनिक स्थल को गरिमापूर्ण और सुविधायुक्त बनाने के लिए समाज और प्रशासन दोनों की सहभागिता आवश्यक है।

कार्यक्रम में संस्थान की ओर से सदस्य मूलचन्द पेसवानी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए शमशान घाट के समग्र विकास की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने परिसर में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के शीघ्र विकास पर जोर दिया, जिस पर विधायक ने सहमति व्यक्त की। संस्थान के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अतिथियों का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत-अभिनंदन किया।

गीतकार सत्येंद्र मंडेला के संचालन में आयोजित समारोह में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सुगंधी, जिला मंत्री राजेंद्र बोहरा, राममन्दिर के महंत सीताराम बाबा, पूर्व पालिका अध्यक्ष कन्हैयालाल धाकड़, वरिष्ठ नेता रामप्रसाद टांक तथा व्यापार मंडल अध्यक्ष बालमुकंद तोषनीवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में संस्थान अध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने आभार व्यक्त करते हुए शमशान घाट के विकास कार्यों में जनसहयोग का आह्वान किया।

## भीलवाड़ा में रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन सम्मानित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी भीलवाड़ा द्वारा रक्तदान जागरूकता के लिए भीलवाड़ा में एक विशेष साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूक करना और उन्हें इसके लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन भीलवाड़ा को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया ।

पुलिस सिटी कंट्रोल रूम स्टेशन चौराहा पर आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि लादूराम बांगड़ इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा भीलवाड़ा के सचिव सचिव रमेश मूंदड़ा द्वारा मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया । सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन के सचिव गोपाल विजयवर्गीय ने यह सम्मान सभी रक्तदाताओं एवं संस्थान से जुड़े जिले भर के समस्त कार्यकर्ताओं को समर्पित किया जो समर्पण भाव से मानव से के कार्य में निस्वार्थ सेवा कर रहे है । फाउंडेशन की ओर से इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी भीलवाड़ा का आभार व्यक्त किया गया ।



# पुरुषोत्तम मास की पूर्णाहुति पर संत समागम सम्पन्न

## महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी महाराज ने दिया सेवा, सिमरन और रामनाम का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

हरि शेवा उदासीन आश्रम, सनातन मंदिर में पुरुषोत्तम मास के अवसर पर एक माह से संचालित विविध धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सेवा कार्यों का भव्य समापन सोमवार को संत समागम सम्मेलन, विप्र पूजन, विष्णु यज्ञ पूर्णाहुति, रुद्राभिषेक एवं गंगा आरती के साथ श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में देशभर से पधारे संत-महात्माओं, श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया। प्रातःकाल गंगा, नर्मदा एवं पुष्कर के पवित्र जल से निर्मित सरोवर में संत-महात्माओं ने स्नान एवं पवित्र डुबकी लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात आचार्य पंडित रोशन शास्त्री एवं उपाचार्य पंडित सत्यनारायण शर्मा के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य विष्णु यज्ञ सम्पन्न हुआ तथा अभिजीत मुहूर्त में यज्ञ की पूर्णाहुति की गई। इस अवसर पर हरि सिद्धेश्वर महादेव का वैदिक विधि-विधान से रुद्राभिषेक भी संपन्न कराया गया। यज्ञ पूर्णाहुति के दौरान 33 कोटि देवी-देवताओं का पूजन, अमावस्या तर्पण एवं छप्पन भोग अर्पण सहित विभिन्न वैदिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए।



अपराह्न में आयोजित संत समागम सम्मेलन को संबोधित करते हुए आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन महाराज ने अपनी अमृतमयी वाणी में कहा कि जहां संतों का संग होता है, वहीं वास्तविक सत्संग का जन्म होता है। उन्होंने पुरुषोत्तम मास के दौरान सम्पन्न हुए समस्त धार्मिक अनुष्ठानों में यदि कोई त्रुटि रह गई हो तो संत समाज एवं श्रद्धालुओं से विनम्रतापूर्वक क्षमा याचना की। उन्होंने कहा कि सेवा और सिमरन मानव जीवन की सबसे बड़ी साधना हैं तथा प्रत्येक व्यक्ति को निरंतर परमात्मा का स्मरण करते हुए समाज और राष्ट्र की सेवा में जुटे रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि पुरुषोत्तम मास के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित किया। उन्होंने कहा कि जब तक प्राण हैं, तब तक वे सनातन धर्म और राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करते रहेंगे। स्वामी हंसराम जी महाराज ने कहा कि आश्रम में प्रतिदिन यज्ञ, गौसेवा, रुद्राभिषेक तथा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान नियमित रूप से सम्पन्न होते हैं। पुरुषोत्तम मास में श्रीराम कथा, भक्तमाल कथा, पूर्णमासी सत्यनारायण कथा, शिव महापुराण कथा, गीता पाठ, दुर्गा सप्तशती पाठ, श्रीसूक्त पाठ, महामृत्युंजय जाप, अखंड रामनाम संकीर्तन, अन्नक्षेत्र, जलसेवा एवं विविध धार्मिक आयोजनों का आयोजन किया गया, जिससे हजारों श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ अर्जित किया।

अपने उद्बोधन में उन्होंने रामनाम की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि राम नाम में अपार शक्ति निहित है। सभी श्रद्धालुओं को प्रतिदिन राम नाम का स्मरण करने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में 'राम-राम' केवल अभिवादन नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने संत सेवा, गौ सेवा, जीव सेवा, पर्यावरण संरक्षण, संस्कृति संवर्धन, माता-पिता एवं पूर्वजों की सेवा तथा समाज और नगर के प्रति उत्तरदायित्व को जीवन का महत्वपूर्ण धर्म बताते हुए सभी से सेवा का संकल्प लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर काशी के प्रखर वक्ता एवं सनातन संस्कृति के प्रचारक डॉ. स्वामी निर्मल दास जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त श्रीमंहत लक्ष्मण दास जी त्यागी, महामंडलेश्वर बाबूगिरी जी महाराज, महंत मोहन शरण शास्त्री, महंत संतदास जी महाराज, महंत रामदास जी रामायणी, महंत आशुतोष जी महाराज, महंत बलराम दास जी, महंत गोपाल दास जी महाराज, महंत मोनी बाबा, महंत रामगिरि जी महाराज, महंत स्वरुप दास जी, महंत हनुमान राम जी, महंत जमनापुरी जी, महंत अर्जुन दास जी, संत ईश्वर दास सहित अनेक संत-महात्माओं ने अपने आशीर्वचन प्रदान किए। संतों ने कहा कि स्वामी हंसराम जी उदासीन महाराज ने हरि शेवा उदासीन आश्रम को धर्म, सेवा और आध्यात्मिक चेतना का महत्वपूर्ण केंद्र बना दिया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि ऐसे धार्मिक अनुष्ठानों से समाज में आध्यात्मिक चेतना का विस्तार होता है तथा यह स्थान आज एक जागृत शक्ति पीठ के रूप में विकसित हो रहा है। वहीं शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने भारत की संस्कृति को विश्व की श्रेष्ठतम संस्कृति बताते हुए हरि शेवा उदासीन आश्रम को आनंद, सेवा एवं संस्कारों का केंद्र बताया। सायंकाल आयोजित भव्य गंगा आरती में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंत्रोच्चार, भजन एवं जयघोषों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा और श्रद्धालु भक्ति भाव से भावविभोर दिखाई दिए।

रामधुनी विश्राम एवं समस्त पाठ-पारायण की पूर्णाहुति के साथ पुरुषोत्तम मास के धार्मिक आयोजनों का विधिवत समापन हुआ।

कार्यक्रम का संचालन निंबार्क आश्रम के महंत मोहन शरण शास्त्री ने किया। अंत में विप्र पूजन, संत सम्मान, महाप्रसादी एवं संतों के आशीर्वचन के साथ पुरुषोत्तम मास के समस्त धार्मिक अनुष्ठानों का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम में सनातन सेवा समिति, हँसगंगा हरि शेवा भक्त मंडल के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, भक्तों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# होलीरडा महायज्ञ, भगवान शिव व हनुमान जी के सहस्त्र धारा अभिषेक

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**जसवंत पारीक**

निकटवर्ती होलीरडा गांव में आयोजित महायज्ञ में सोमवार को भगवान शिव व हनुमान जी का सहस्त्र धारा अभिषेक किया गया। यज्ञाचार्य पंडित गोपाल भट्ट, पंडित भगवती प्रसाद शर्मा व पंडित लखन शर्मा द्वारा 7:15 बजे स्थापित देवता पूजन,8:15 बजे भगवान शिव का सहस्त्र धारा अभिषेक, 11:15 बजे आवाहित देवता हवन और पुरुष सूक्त हवन, 3:15 बजे नूतन मूर्तियों का पुष्पा दिवास व इसी समय पर हनुमान जी के सहस्त्र धारा अभिषेक किया गया। सुबह 6 :15 बजे महा आरती की गई तथा इस दिन 51 हजार आहुतियां दी गई । इससे पूर्व रात्रि को बगड़ावत गाथा का आयोजन किया गया।



# सवाईपुर में परम्परागत कृषि विकास योजना के तहत एक दिवसीय प्रथम प्रशिक्षण आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर कस्बे में कृषि विभाग द्वारा परम्परागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई ) के अंतर्गत 5 क्लस्टर समूहों के किसानों के लिए एक दिवसीय प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानों को जैविक खेती एवं कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक करना था । कार्यक्रम में कृषि अधिकारी जीतराम चौधरी, कृषि अधिकारी मीना जाट, सेवानिवृत्त सहायक कृषि अधिकारी नरेन्द्र सिंह राजोरा, गोपाल तेली, बिगोद सहायक कृषि अधिकारी देवेन्द्र कुमार तेली, सवाईपुर सहायक कृषि अधिकारी पीयूष प्रकाश त्रिवेदी, कृषि पर्यवेक्षक सत्येन्द्र कुमार मीणा, ब्रज मोहन रेगर, विमला मीणा, भूरी कुमारी मीणा, सत्यनारायण जाट एवं अभिषेक मीणा उपस्थित रहे । प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को परम्परागत कृषि विकास योजना, जैविक खेती की तकनीकों, जैविक आदानों के उपयोग तथा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की । साथ ही किसानों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य सुधार एवं रासायनिक खेती के विकल्प के रूप में जैविक खेती अपनाने के लाभों के बारे में भी जागरूक किया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों ने उत्साहपूर्वक



भाग लिया तथा जैविक खेती को अपनाकर सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं टिकाऊ कृषि प्रणाली को बढ़ावा देने का संकल्प लिया ।।

# सदारी में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित, 22 विभागों ने दी योजनाओं की जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**दिलखुश** जनकल्याण शिविर के अंतर्गत सोमवार को ग्राम पंचायत सदारी में ग्रामीण सेवा शिविर 2026 का आयोजन किया गया। शिविर में जिला रसद अधिकारी एवं शिविर प्रभारी मोनिका जाखड़, तहसीलदार भगवती प्रसाद वैष्णव, अतिरिक्त विकास अधिकारी देवकरण बेरवा, चिरंजी लाल वर्मा, स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक समन्वयक प्रियंक दाधीच, ग्राम विकास अधिकारी कालूराम गुर्जर, कनिष्ठ सहायक कालूराम रेगर, गौरव कुमार उपाध्याय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में कुल 22 विभागों ने भाग लिया और आमजन को अपने-अपने विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तृत



जानकारी दी। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई की तथा कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया।

शिविर के दौरान 12 पट्टों का वितरण, स्वच्छ भारत मिशन के तहत 10 व्यक्तिगत शौचालयों की स्वीकृति, प्रधानमंत्री आवास योजना के दो लाभार्थियों को तृतीय किस्त का भुगतान, पेंशन एवं जन आधार सत्यापन, मंगला पशु बीमा एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा पॉलिसी से संबंधित कार्य, राजस्व खातों का शुद्धिकरण, जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र जारी करने तथा आपसी सहमति से विभाजन प्रकरणों के निस्तारण सहित अनेक कार्य संपादित किए गए।

## QUICK BITES

### गेगा का खेडा में भगवान लक्ष्मी नाथ का दान पात्र खोला, 1 लाख 94 हजार 200 रूपये निकले

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**जसवंत पारीक**

निकटवर्ती गेगा का खेडा गांव में सोमवार को सोमवती अमावस्या पर भगवान लक्ष्मी नाथ का दान पात्र खोला जिसमें 1 लाख 94 हजार 200 रूपये निकले। पुजारी दिनेश जोशी ने बताया कि इस अवसर पर भंवर लाल तिवाड़ी, बंशी लाल पुरोहित,चंद्रप्रकाश उपाध्याय, बालू लाल तिवाड़ी ,गोपाल लाल पंचोली ,भोले राम व्यास ,भैरु लाल तिवाड़ी (पटेल ),सुरेश चन्द्र उपाध्याय ,किशन तिवाड़ी, सुनील तिवाड़ी उपस्थित थे।

### जीवा का खेड़ा में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**



**जसवंत पारीक**

जीवा का खेड़ा गांव में सोमवार को अटल सेवा केंद्र पर राज्य सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन हुआ । शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी कोटडी तानिया रिणवा ने बताया कि आयोजित शिविर में 23 प्रकरण नामांतरण के, सीमाज्ञान के आठ प्रकरण, शुद्धिकरण के पांच ,जाति व मूल निवास 12 , इसी दौरान जीवा का खेड़ा में रास्ते का अतिक्रमण हटाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को पट्टे वितरित किए गए। शिविर में कोटडी तहसीलदार श्रीलाल मीणा, नायब तहसीलदार बडलियास मदन लाल शर्मा, गिरदावर कृष्ण गोपाल ,पटवारी अमित बिश्नोई ,जीवा का खेड़ा पूर्व सरपंच शोभा लाल जाट , जीएसएस व्यवस्थापक प्रधान जाट सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### एमपीएल 2026 में रोमांचक मुकाबले, आरकेआरसी ए, बसंत विहार और चंद्रशेखर आजाद नगर विजयी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



महेश नवमी महोत्सव के तहत श्री नगर माहेश्वरी सभा द्वारा आयोजित माहेश्वरी प्रीमियर लीग (एमपीएल)-2026 के चौथे दिन मोदी ग्राउंड पर खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। दिनभर चले रोमांचक मैचों में आरकेआरसी ए, बसंत विहार और चंद्रशेखर आजाद नगर ने जीत दर्ज की।

पहले मैच में आरकेआरसी ए ने सुभाष नगर को 48 रन से हराया। कुलदीप राठी के 39 रन की बदौलत टीम ने 124 रन बनाए और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में बसंत विहार ने आजाद नगर को 15 रन से पराजित किया। विपुल आगाल ने 3 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया। तीसरे मैच में चंद्रशेखर आजाद नगर ने पुर को 13 रन से हराया, जिसमें निखिल के शानदार प्रदर्शन पर उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतरीन बल्लेबाजी, सटीक गेंदबाजी और शानदार क्षेत्ररक्षण का प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में उपस्थित खेल प्रेमियों एवं अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

आयोजन समिति के अनुसार आगामी मुकाबले और अधिक रोमांचक होने की उम्मीद है। यह प्रतियोगिता खेल भावना के साथ समाज में एकता और भाईचारे को भी मजबूत कर रही है।

### महाराणा प्रताप जयंती महोत्सव पर अखाड़ा प्रदर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर क्षेत्र के सोलंकिया का खेड़ा गांव में महाराणा प्रताप की जयंती महोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लाह के साथ बनाया जाएगा, इस दौरान अखाड़ा प्रदर्शन भी किया जाएगा । सोलंकिया का खेड़ा में महाराणा प्रताप सेवा समिति के तत्वाधान व ठाकुर भोपाल सिंह के नेतृत्व में महाराणा प्रताप की जयंती महोत्सव 17 जून बुधवार को मनाई जाएगी, इसमें सायं 5 बजे अखाड़ा प्रदर्शन किया जाएगा । वहीं इस दौरान मुख्य अतिथि राव युगप्रदीप सिंह अमीरगढ़ और करण सिंह बेलवा निवर्तमान प्रधान कोटड़ी महाराणा प्रताप के प्रतिमा का माल्यार्पण करेंगे । इस दौरान भव्य आतिशबाजी भी की जाएगी ।।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।